

# केंद्रीय बजट को भाजपा ने बताया 2047 का विकसित भारत संकल्प, तो कांग्रेस ने कहा इस बजट में भी रोजगार के नाम पर मिला झुनझुना

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा रविवार को संसद में साल का बजट पेश किया। वहीं बजट पेश होते ही भाजपा कांग्रेस की प्रतिक्रिया भी सामने आई। जिसमें भारतीय जनता पार्टी द्वारा 2047 का विकसित भारत संकल्प बताया। तो वही कांग्रेस पार्टी द्वारा इस बार के बजट पर निराशा जाहिर करते हुए कहा कि इस बार भी रोजगार के नाम युवाओं के लिए झुनझुना मिला है।

दरअसल रविवार को रविवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट प्रस्तुत किया। जिस पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने कहा कि यह बजट 2047 के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सबका साथ, सबका विकास तथा आत्मनिर्भरता के साथ विश्व में अपनी अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। वहीं बजट को लेकर भाजपा द्वारा भाजपा द्वारा जगह-जगह स्क्रीन लगाकर बजट को दिखाया गया, जिसके चलते चंदेरी, मुंगावली एवं अशोकनगर में स्क्रीन लगाई गई और लोगों को बजट के फायदे बताते गए।



### यह बजट विकसित भारत2047 की ओर अग्रसर

भाजपा के युवा नेता कृष्णा यादव ने केंद्रीय बजट पर अपनी राय देते हुए बताया कि इस बारके बजट में शिक्षा को सीधे रोजगार से जोड़ने और नए जमाने की स्किल्स और कंटेंट क्रिएशन पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस बज़ट में शिक्षा और रोजगार का सीधा जुड़ाव देखने को मिला। औद्योगिक और लॉजिस्टिक कॉरिडोर के पास 5 नई यूनिवर्सिटी टाउनशिप बनाई जाएंगी। इनका मकसद पढ़ाई खत्म करते ही छात्रों को पास की इंडस्ट्री में सीधा रोजगार दिलाना है। देश के 15000 माध्यमिक स्कूलों और 500 कॉलेजों में एवीजीसी एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स कंटेंट क्रिएटर लैब स्थापित की जाएंगी। वहीं मेडिकल और हेल्थ जॉब्स अगले 5 वर्षों में 1 लाख एलाइड हेल्थ प्रोफेशनल्स जैसे रेडियोलॉजी, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ तैयार किए जाएंगे इसके लिए मौजूदा संस्थानों को अपग्रेड किया जाएगा।



### मिडिल क्लास को नहीं मिला कोई फायदा

केंद्रीय बजट को लेकर कांग्रेस के युवा नेता, एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव शादाब खान ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस बजट में छात्रों युवाओं को रोजगार के नाम झुनझुना मिला। क्योंकि जॉब क्रिएशन और उद्योगों को लेकर कोई बड़ी और नई योजना का जिक्र बजट में नहीं है। वहीं बजट में इनकम टैक्स स्लैब या टैक्स छूट में कोई बदलाव नहीं हुआ, मिडिल क्लास को टैक्स बचत का कोई फायदा नहीं मिला। रोजमर्रा की चीजें जैसे दाल, तेल के जीएसटी रेट्स कम करने की घोषणा नहीं हुई। बजट में मिडिल या लोअर मिडिल क्लास के लिए कोई खास स्कीम या सब्सिडी जैसी कोई घोषणा नहीं हुई। किसानों की आय बढ़ाने की बात कही गई, लेकिन एमएसपी या किसानों को क्रेडिट जैसी किसीनई स्कीम की घोषणा नहीं हुई।



*इनका कहना है।*

बजट जो 2025 का था, उसी को ही रिपलेस किया गया है, जिससे निराशा है। इस बार के बजट में कोई टेक्स रेट में बदलाव नहीं किया गया है, है इतना जरूर है कि टेक्स के जो कानून है उनको थोड़ा सिमलिफाइंड कर दिया है, जो अच्छा विषय है सराहनीय कार्य है। जिसका फायदा लोगों को मिलेगा।

*संदीप जैन, एडवोकेट आयकर, सलाहकार*

## खेत में आम के पेड़ से लटका मिला वृद्ध किसान का शव

**परिजनों ने कहा ओलावृष्टि से तबाह हो गई फसल**

**कर्ज भी था इसी रंज में लगा ली फांसी**

नवभारत न्यूज

**बहादुरपुर। रविवार सुबह तहसील क्षेत्र के महोली गांव में एक किसान शिवराज सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह दांगी उम्र 65 वर्ष का शव उसी के खेत में खड़े आम के पेड़ पर लटका पाया गया।** किसान के गले में तौलिया का फंदा लगा हुआ था। परिजन मृत अवस्था में किसान को सिविल अस्पताल मुंगावली लेकर पहुंचे और यहां दावा किया कि बीते 27 जनवरी में जो ओलावृष्टि हुई है, उसमें किसान की चना और मसूर की फसल बर्बाद हो गई थी। किसान पर कर्जा था, इससे पहले खरीफ की फसल भी खराब हो गई थी। इसी रंज में आकर उसने मौत को गले लगा लिया। बहरहाल, पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है, हालांकि किसान के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

वहीं दूसरी ओर महोली के पटवारी सुजीत छारी ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने पर वह ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सौरभ यादव के साथ खेतों पर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि किसान की मौत दुखद है। किंतु महोली गांव में ओलावृष्टि नहीं हुई और न ही इससे कोई नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि किसान शिवराज सिंह और उसके बेटों जस्सू, राजेश और रामबाबू के पास शामिल खाते की करीब 26 बीघा जमीन है। इसमें शिवराज एवं रामबाबू के शामिल खाते की सर्वे नंबर 29/2 में कुल 2.770 हेक्टेयर जमीन है, जिसमें गेहूं बोया गया है। किसान ने यह जमीन यूको बैंक मल्हारगढ़ में बंधक कर किसान क्रेडिट कार्ड लिया है। वहीं सर्वे नंबर 115/5/2 रकबा 1.254 हैक्टेयर राजेश पुत्र शिवराज के नाम से है, जिसमें गेहूं की फसल खड़ी है। यह जमीन बंधक नहीं है। इसी तरह मृतक किसान शिवराज के बड़े बेटे जसवंत के नाम से सर्वे नंबर 29/1/3 रकबा 1.416 हेक्टेयर जमीन है, जिसमें आधे रकबे में चना हैं और आधे रकबे में मसूर की फसल है। सर्वेक्षण दल के मुताबिक रविवार दोपहर में हुए सर्वेक्षण में फसलें स्वस्थ पाई गई हैं, मसूर की फसल आड़ी हो गई है लेकिन उसमें अभी फूल आ रहा है, इसलिए फिर से खड़ी हो जाएगी। किसान के पर कितना ऋण है, इसकी जानकारी नहीं है।

**ग्रामीणों ने कहा दो मिनट बरसे ओले, बारिश से हुआ नुकसान:**

महोली गांव में फसलों के नुकसान के संबंध में दो किसानों से बात हुई है। जिसमें यशकुमार दांगी ने बताया कि उनके पास 35 बीघा जमीन है, जिसमें चना और मसूर की फसल में बारिश से नुकसान हुआ है, उन्होंने कहा कि गांव में केवल दो मिनट ओलावृष्टि हुई थी। इसलिए ओलों के बजाय बारिश ज्यादा होने से नुकसान हुआ। इसी तरह रामराज दांगी ने बताया कि उनकी फसलों में पानी भरा रहने से नुकसान हुआ है। चना और मसूर की फसलें नाजुक होती हैं।

## एक नजर में



### कलेक्टर ने करीला धाम पहुंचकर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय ने रविवार को करीला धाम पहुंचकर आगामी मेला तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान उन्होंने विभिन्नं स्थानों पर बनने वाले पार्किंग स्थालों, विभिन्न पहुंचमार्ग का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समय सीमा में मरम्मत के कार्यो को पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि करीला धाम परिसर में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था रहें यह सुनिश्चित किया जाएं। इस दौरान उन्होंने पेयजल,पानी की टंकियों में पानी की सप्लाई, सीता रसोई, व्हीआईपी आगमन को दृष्टिगत रखते हुए हैलीपेड स्थल निर्माण तथा अन्य मरमम्त कार्य के संबंध में विस्तृत निर्देश दिये गए। भ्रमण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी मुंगावली इसरार खान, सीईओ आलोक इटोरिया सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




### संत रविदास जयंती पर युवाओं में दिखा उत्साह, भजनों पर जमकर थिरके भक्त

**शाढ़ौरा।** संत रविदास महाराज की जयंती रविवार को कस्बे में हर्षोल्लास और भक्तिभाव से मनाई गई। इस दौरान मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान और भजनों का आयोजन किया गया तो वहीं शहर में संत रविदास महाराज के विमान की शोभा यात्रा भी निकाली गई। इस दौरान युवाओं और बालिकाओं में खासा उत्साह नजर आया। चल समारोह सुबह 10 बजे अंबेडकर पार्क स्थित रविदास मंदिर से प्रारंभ हुआ। इससे पहले धार्मिक अनुष्ठान, पूजा अर्चना के साथ संत रविदास की आरती उतारी गई। चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस अंबेडकर पार्क पहुंच कर संपन्न हुआ। इसके बाद प्रसादी का वितरण किया गया। इस बार युवाओं व बालिकाओं में विशेष उत्साह और उमंग देखी गई। बालिकाएं विशेष वेशवूषा में सिर पर पगड़ी बांधीकर आगे-आगे चल रही थीं। युवा गर्मजोशी के साथ नारेबजी करते हुए चल रहे थे। समाजजनों ने भी इस बार विशेष वेशवृषा पहनकर उत्साह के साथ रिवदास जयंती महोत्सव में सहभागिता की।भजनों पर लोग झूमते नाचते नजर आए। शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। अनेको स्थानों पर लागों ने जल-पान कराते हुए फल वितरित किए। समाज बंधुओं ने प्रेम और उत्साह के साथ एक दूसरे से मिलकर बंधाईयां और शुभकामनाएं दीं। भजन गायिका के भजनों ने युवाओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया।

### विकास को लगेंगे पंख, 36 करोड़ की अतिक्रमणकारियो से भूमि कराई मुक्त

**चंदेरी।** केंद्रीय मंत्री भारत सरकार और क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया लगातार क्षेत्र के विकास के प्रति जी तोड़ मेहनत के साथ हमेशा प्रयासरत रहे हैं नगर को नयी-नयी विकास की कई सौगातें देते चले आ रहे हैं। आगामी समय में बनने वाली बहु प्रतीक्षित लिंक रोड की सौगात भी नगर को मिलेगी। जिसका खाका तैयार कर लिया गया है और धरातल पर भी इसका कार्य देखने को मिल रहा है लिंक रोड का बेस तैयार किया जा रहा है। विकास को गति देने का कार्य अब क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया बृहद स्तर पर लगातार कर रहे हैं तीन और चार फरवरी को सिंधिया नगर में आएंगे , जहां 50 विस्तरीय बनने वाले अस्पताल के लिए जगह का चयन और निरीक्षण करेंगे तथा शासकीय माधव कॉलेज मे बनाए गए नवीन विज्ञान भवन व सरस्वती शिशु मंदिर के नवीन भवन का उद्घाटन कर नगर के आमजन को समर्पित करेंगे। इसलिए अब विकास को पंख लगने वाले हैं विकास की गति अब और वृहद स्तर पर देखने को मिलेगी। स्थानीय प्रशासन के अथक प्रयास से नगर के बीचों बीच स्थित 96 बीघा भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त करा दिया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत 36 करोड रुपए आंकी गई है। इस कार्य को कराने में प्रशासन के अधिकारियों ने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया जिसके फल स्वरुप यह संपूर्ण भूमि अतिक्रमण से मुक्त हो गई है यह भूमि अब आम जन के बहुउद्देशो की पूर्ति के लिए काम में लायी जायेगी जिसका लाभ आने वाले समय में नगर की जनता को मिलेगा। राजस्व विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्वे नंबर 10 में उक्त भूमि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, स्पोर्ट काम्पलेक्स के लिए प्रस्तावित की गई है। वहीं 15 बीघा जमीन 50 विस्तरीय बनने वाले अस्पताल के लिए शासन के द्वारा 2022 मे आवंटित कर दी गई है।

## यूजीसी पर सवर्ण समाज का आक्रोश जारी

### शाढ़ौरा,मुंगावली में बाजार बंद कर निकाली रैली,राष्ट्रपति के नाम सौंपे ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** रविवार को यूसीजी कानून को लेकर चल रहे विवाद में नगर में सर्वण समाज द्वारा नगर बंद का आह्वान किया गया था, जिससे रविवार को सम्पूर्ण नगर दोपहर तक बंद रहा सुबह से ही सर्वण समाज के लोगों ने यूजीसी कानून को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। साथ ही समाज को तोड़ने की बात कही गई, वही नगर परिषद परिसर में सर्वण समाज के लोग एकत्रित हुए जिसमें इस काले कानून को लेकर मोदी सरकार को जमकर कोसा और कहा कि एक तरफ तो हिन्दू उत्सव मनाए जा रहे है। तो वहीं दूसरी तरफ ऐसे काले कानून को लागू किया जा रहा है, इनका यह दोहरा चेहरा आज समाज में हिंदुओं को दो फाड़ करने का काम कर रही है, नगर परिषद में सकल ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष आशीष पालीवाल, शिक्षक प्रथमेश श्रीवास्तव, शिक्षक रविन्द्र सिंह बेस, देवेंद्र सिंघई आदि ने सवर्ण समाज को संबोधित किया। वही कार्यक्रम का संचालन संजय सिंघई ने किया।



इस दौरान कई वक्ताओं द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए,वही इसके बाद हाथों में तख्ती लेकर एक रैली निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई तहसील कार्यालय पहुंची। जहां राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार सोनम शर्मा को सौंपा गया। सौपे गए ज्ञापन इस काले कानून को बापिस लेने की बात कही गई और कहा गया है इस तरह के कानून से सवर्ण समाज के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, क्योंकि इस काले कानून में सर्वण समाज को अपना पक्ष रखने का कोई कानून नहीं है उल्टा यदि किसी ने झूठे आरोप लगा दिए तो उसके खिलाफ सीधे कार्यवाही की जाएगी और उसका पक्ष भी नहीं सुना जाएगा जिससे वह छात्र कानूनी प्रकिया में फंसकर उसका भविष्य अंधकार में डूब जाएगा।

**बाजार रहा बंद:**

यूसीजी नियम के विरोध में सर्वण समाज के बंद का आह्वान पर लोगों ने दोपहर तक अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे और बंद का समर्थन किया लोगो ने दोपहर बाद ही अपनी दुकान खोली और शहर में सन्नाटा पसरा रहा। वही बड़ी संख्या में इस विरोध प्रदर्शन में लोग शामिल हुए शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से लोग इस बंद में शामिल हुए और अपना समर्थन दिया।

### यूजीसी के नए कानून के खिलाफ निकाली रैली

**शाढ़ौरा।** रविवार को यूजीसी के नवीन - नियमों के विरोध में यहां सैकड़ों युवाओं ने प्रदर्शन किया। सुबह 11 बजे चौक मैदान से शुरू हुई यह रैली नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई थाना प्रांगण पहुंची, जहां प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को -ज्ञापन सौंपा और कानून को तत्काल वापस लेने की मांग की। रैली में शामिल युवाओं ने जमकर नारेबाजी की और यूजीसी के इस नए प्रावधान को काला कानून करार देते हुए इसे सामान्य वर्ग के छात्रों के हितों के खिलाफ बताया। इस दौरान उन्होंने सवर्ण एकता जिंदाबाद जैसे नारे लगाए और गुस्से का इजहार किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि ये नियम सामान्य वर्ग के युवाओं पर विपरीत प्रभाव डालेंगे और शिक्षा में भेदभाव को बढ़ावा देंगे। रैली के संयोजक नीतू शर्मा ने थाना परिसर में ज्ञापन का वाचन किया। ज्ञापन तहसीलदार कार्तिकेय मुद्गल और थाना प्रभारी सुनील सिकरवार को सौंपा गया। ज्ञापन में मुख्य रूप से सामान्य वर्ग के छात्रों के हितों की रक्षा करते हुए यूजीसी के इस कानून को वापस लेने की मांग की गई है।

### मुस्कान अभियान के तहत कन्या छात्रावास में छात्राओं से किया पुलिस ने संवाद

**पिपरई।** कस्बे में पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित मुस्कान अभियान के तहत थाना प्रभारी ओमप्रकाश मिश्रा ने छात्रावास की छात्राओं से संवाद किया और मुस्कान अभियान का महत्व बताते हुए कहा कि आपरेशन मुस्कान एक विशेष पहल है जिसका उद्देश्य लापता बच्चों को खोज कर उन्हें सुरक्षित रूप से उनके परिवारों से मिलाना और उनका पुनर्वास करना है। यह एक समर्पित अभियान है, जिसमें पुलिस विभिन्न सरकारी भी विभाग और गैर सरकारी संगठन शोषणकारी और खतरनाक परिस्थितियों से बचाते हैं। वहीं उनको सुरक्षित बतावरण प्रदान करते हैं। एसआई मंदाकिनी पटेल ने मुस्कान अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पहल बच्चों युवाओं को समाज में फैली कुरीतियों ओर अन्य अपराधिक प्रवृतियों से बचाने के लिए चलाई जा रही है। बालिकाओ को जागरूक करने के लिए विशेष रूप से तैयारी कर वास्तविक जीवन से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया। वहीं विपरीत परिस्थितियों में सही निर्णय लेना क्यों जरूरी है। वहीं छात्राओं से पूंछा कि आप पढ लिख कर क्या बनना चाहती है अधिकतर बालिकओं ने पुलिस में रुचि दिखाई गई।

## संत रविदास जयंती पर निकला चल समारोह

नवभारत न्यूज

**चंदेरी।** नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संत रविदास की जयंती पर रैदास समाज द्वारा चल समारोह निकाला गया। जो शंकर मंदिर से प्रारंभ होकर दिल्ली दरवाजा, पुराना बस स्टैंड, सदर बाजार होता हुआ शंकर मंदिर पर समापन हुआ। जहां पूजा अर्चना कर प्रसादी वितरण की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं और पुरूष शामिल थे। तो वहीं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी के नेतृत्व में संत रविदास जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई । इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राहुल शेषा भी उपस्थित रहे। तो वहीं भारत सरकार के द्वारा 2026 का बजट कार्यक्रम टीवी स्क्रीन के माध्यम से सभी कार्यकर्ताओं को दिखाया गया।



## फिल्टर प्लांट का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा टोरिया फिल्टर प्लांट पहुंचकर वाटर टेस्टिंग के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होने फिल्टर प्लांट पानी की नियमित टेस्टिंग कराये जाने तथा रिकार्ड संधारित रखे जाने के निर्देश मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिये। उन्होंने टंकियों की नियमित साफ - सफाई सहित विभिन्न वार्डो टंकियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को प्रदत पेयजल की सतत टेस्टिंग कराये जाने के निर्देश दिये। साथ ही प्रति सप्ताह रेंडम रूप से पानी का परीक्षण तथा रजिस्टर संधारित किये जाने के निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान बाजार पानी टंकी का भी निरीक्षण किया तथा पानी के टेस्टिंग के संबंध में जानकारी ली।



## धर्म-कर्म

### शोभायात्रा निकालकर कराई गई मूर्ति की स्थापना

## शहर के सनसिटी कालोनी में बना खाटू श्याम का मंदिर



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** शहर की सनसिटी कालोनी में श्रीराम दरबार परिसर में खाटू श्याम बाबा की मूर्ति स्थापित की गई है। इस अवसर पर नगर में एक शोभा यात्रा निकाली गई, जो तारबाले बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए मंदिर पहुंची। इसके बाद विधि-विधान से मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की गई।

मूर्ति स्थापना से पहले मंदिर में तीन दिनों तक बाबा श्याम की विशेष पूजा-अर्चना की गई।

**शुभ मुहूर्त में की गई मूर्ति स्थापना:**

रविवार को वृदांवन के पंडित विपिन विहारी गौतम के सानिध्य में विधि-विधान से भगवान खाटू श्याम की पूजा कराई और फिर हवन किया गया। इस दौरान मुख्य यजमान शरद व्यास सहित श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति देकर भगवान से सुख-शांति की कामना की। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के लोगों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।

**भगवान के स्वागत में नाचा घोड़ा, श्रद्धालुओं ने खीची पालकी:**



प्रतिमा स्थापना से पूर्व खाटू श्याम की मूर्ति को पालकी में बैठाकर बैंडबाजो के साथ शहर में शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में श्रद्धालु भगवान खाटू श्याम के भजनों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। तो वहीं श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। रविवार को शहर में निकाली गई भगवान घाटू श्याम की प्रतिमा शोभायात्रा नगर के तार वाले बालाजी मंदिर से शुरू हुई जो गांधी पार्क, अस्पताल चौराहा, ईसागढ़ रोड़ होते हुए सन सिटी कालोनी पहुंची। शोभायात्रा के बारे में समिति के सदस्य अशोक साहू ने बताया कि शोभा यात्रा में बाबा श्याम की पालकी में लगा घोड़ा पालकी को खीच रहा था, लेकिन वह बीच रास्ते में रूक गया और पालकी से निकलकर बाबा के स्वागत मे नाचने लगा, तो श्याम भक्तों ने अपने हाथों से पालकी खीची और मंदिर परिसर में पहुंचे।



### मनीष बने राठौर समाज के नगर अध्यक्ष

**अशोकनगर।** राठौर समाज का नगर अध्यक्ष चयन विगत दिवस सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामजी लाल राठौर एवं जिला कार्यकारिणी संरक्षण लल्लीराम राठौर, मेहरवान सिंह राठौर , मदनलाल एवं अन्य सभी राठौर समाज बंधुओं की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया पूरी की गई। चुनाव के दौरान समाज के वरिष्ठजनों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की सहमति से मनीष राठौर को राठौर समाज का नगर अध्यक्ष चुना गया है।